## खबर संक्षेप

### घोटी में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**सौंसर।** गुरूवार को घोटी सेक्टर के ग्राम पंचायत घोटी में सम्पूर्ण सेक्टर के जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह आयोजन किया गया। समापन अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्या श्रीमती मन्दाताई ताजने,सरपंच श्रीमती प्रियंका सचिन बल्की,श्रीमती प्रतिभा खीरडकर,नितेश ठाकरे, विनोद अम्बुरे,राजू भांगे,आदि थे। पंचायत सचिव योगेश भद्रे के द्वारा बैठक में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ गंगाजल संवर्धन अभियान से आम नागरिक को एवं ग्रामीणों को होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तामिया में 2 पुलिस प्राथमिकी दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कृषकों को उच्च गुणवत्ता के उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिले मे सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा 25 जून को तामिया निवासी अरंविद साहू पिता विष्णु साहू, ग्राम झौतकला तामिया के विरूध्द बोलेरा पिकअप में अवैध रूप से यूरिया का परिवहन एवं बिना वैध लायसेंस के विक्रय किये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश के विभिन्न धाराओ के अंतर्गत थाना तामिया में संबंधित के विरूध्द पुलिस प्राथमिकी दर्ज की गई। एक अन्य प्रकरण में विकासखंड तामिया के ग्राम जामुनडोंगा निवासी राधेश्याम साहू पिता बिपतलाल साहू द्वारा ट्रक के माध्यम से उर्वरक एवं बीज अन्य जिले से बुलाया जाकर कृषकों को विक्रय किया जा रहा था।

### अच्छे खासे पंचायत भवन को डोब सचिव फर्जीवाड़ा करने के लिए कर रहा है मरम्मत

# सामग्री के नाम पर लाखों रुपए का किया जा चुका है अग्रिम भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत डोब सचिव ऊंची राजनैतिक एवं प्रशासनिक पकड़ के चलते मन माने तरीके से अपनी ग्राम पंचायत का संचालन करते चले आ रहे हैं। पंचायत के अंतर्गत चल रहे एवं उनके कार्यकाल में हुए निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा चुका है। इसमें मनरेगा में तो उन्होंने भ्रष्टाचार के नये आयाम तय किए हैं जिसमें पुल पुलिया सरोवर तालाब खेत तालाव के निर्माण में जमकर अपने चहेतों के बिल लगाकर फर्जीवाड़ा किया है, उनकी मनमानी का प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले दिनो स्वच्छता मिशन के लिए आये डस्टबिन एक वर्ष तक नहीं लगाया जाना उनके रसूख को ही सिद्ध करता है।

वर्तमान में इनकी मनमानी एवं भ्रष्टाचारण की बानगी ग्राम पंचायत भवन में अनावश्यक तरीके से मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है जिसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। केवल आवश्यक थी तो अपने आर्थिक स्वार्थ की। इस कारण ग्राम पंचायत में मरम्मत के नाम पर भी फर्जी बड़ा किया जा रहा है। जबकि वर्षा काल में ग्रामीणों को स्कूली छात्र-छात्राओं से संबंधित काम के लिए पंचायत आना पड़ता है, वहीं केवाईसी के लिए भी ग्रामीण पंचायत आते लेकिन मरम्मत के चलते ग्रामीण अपने पंचायत से संबंधित काम नहीं होने के कारण परेशानी के दौर से गुजर रहे है, उनकी परेशानी से सचिव को कोई सरोकार नहीं है उसे तो केवल आर्थिक लाभ की चिंता है जो उसका मूल उद्देश्य भी है। इस ग्राम पंचायत में हैरत करने वाला मरम्मत कार्य है कि पंचायत भवन में अनावश्यक रूप से सीलिंग फॉल की जा रही है जिसकी कोई आवश्यकता नहीं थी, वहीं लाइटिंग के नाम पर भी छिंदवाड़ा की एक फार्म से लाखों रुपए की विद्युत सामग्री कागजों में खरीद डाली। इस तरह डोब ग्राम पंचायत सचिव जो अब अधिकारियों के मिले संरक्षण के चलते ग्राम वासियों की मुसीबत का सबब बन गया है।

मुख्यालय से 5 मिनट किलोमीटर दूर की पंचायत में ना तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी ना पंचायत इंस्पेक्टर ना स्वच्छता के कोऑर्डिनेटर कभी ग्राम पंचायत पहुंचे। पहुंचते भी कैसे, क्योंकि सचिव के रसूख के आगे सब अपने आप को असहाय जो पाते हैं, उसी का नतीजा की डोब ग्राम पंचायत भ्रष्टाचार एवं ग्रामीणों की मुसीबत का सब बन चुकी है।

## विभिन्न स्थानों पर दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर निकाय क्षेत्र में तम्बाकू एवं नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त के निर्देश पर निगम के योजना शाखा में सामाजिक न्याय अधिकारी लीना उईके द्वारा योजना कार्यालय, राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक द्वारा कुकड़ा जगत, शेखर पटेल द्वारा जगन्नाथ जोन, मनोज पावर तथा पवन सोनी द्वारा मुख्यालय जोन, धर्मेंद्र माहोरे द्वारा चंदनगांव एवं अमित सारवान द्वारा नोनिया करबल जोन के कार्यालयों तथा जोन के विभिन्न स्थानों में आमजनों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही सभी स्थानों में नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

### वाहन चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली को तत्काल बंद करे पुलिसः एनएसयूआई

**छिन्दवाड़ाः-** जिला मुख्यालय पर सुचारू यातायात व्यवस्था निर्मित करने के नाम पर पुलिस की जारी अवैध वसूली से आमजन त्रस्त हो चुके हैं। पुलिस ने वाहन चालकों की जेब ढिली करने और स्वयं की जेब को रुपयों से गर्म करने के दो रास्ते अपनाएं है। पहला रास्ता वाहन चैकिंग व दूसरा रास्ता सड़क किनारे खड़े वाहनों को जबरन जब्त करना। इसमें पुलिस के साथ ही टोवेन के कर्मचारी भी जमकर अवैध वसूली में जुटे हैं। पुलिस की जारी मनमानी के खिलाफ एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यातायात थाना पहुंचकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। विरोधी करने पहुंचे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिला अस्पताल तक इलाज कराने के लिए जिले के दूरस्थ अंचल से लोग दोपहिया अथवा चौपहिया वाहन से पहुंचते हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

## महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मिले व्यापक प्रचारः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जलगंगा अभियान अंतिम चरण में, कामों में लाएं तेजी- कलेक्टर श्री सिंह ने 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि यह अभियान 30 जून तक चलेगा और अब अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने इस दौरान किए जा रहे डगवेल रिचार्ज और फार्म पोंड निर्माण जैसे कार्यों की प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की। परासिया एवं तामिया जनपदों में इन कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर वहां के सीईओ और सहायक यंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण अभियान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मिले व्यापक प्रचार- बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों जैसे महुआ कुकीज़, वॉशिंग पाउडर, शहद, चिरौंजी आदि को बाजार उपलब्ध कराने एवं प्रचार-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## मां नर्मदा का जलकलश रथ में रखकर रवाना हुई पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



दादाजी दरबार खंडवा में धुनी वाले दादाजी के दरबार में माथा टेकने के लिए 14 दिवसीय 411 किमी की पदयात्रा की शुरूआत सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरूवार को की। पदयात्रा शुरू करनें के पहले सांसद श्री साहू ने अपने निवास स्थान पर मा नर्मदा के जलकलश की परिवार सहित विधि विधान से पूजा की। सांसद श्री साहू अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी साहू के साथ घर से जलकलश लेकर हनुमान मंदिर पहुंचे।

हनुमान मंदिर में पूजारियों द्वारा साहू परिवार की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ मां नर्मदा की जलकलश की विधिविधान से पूजा अर्चना की। मां नर्मदा के जलकलश को पदयात्रा के साथ चल रहे रथ में सांसद श्री साहू के द्वारा रखा गया। अपनी 14 दिवसीय पदयात्रा को शुरू करने के पूर्व सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम स्थल में मौजूद सभी धर्मों के धर्मगुरूओं का पुष्प व शाल श्रीफल से सम्मान कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। सभी धर्मगुरूओं ने सांसद श्री साहू को आर्शीवाद देते हुए उनकी सफल पदयात्रा की कामना की।

सांसद श्री साहू के निवास स्थान के सामने स्थित हनुमान मंदिर से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। पदयात्रा सत्कार चौक, कलेक्ट्रेड कार्यालय के सामने से होते हुए गुरैया सब्जी मंडी से होकर अपने पूर्व निर्धारित मार्ग पर रवाना हुई। पदयात्रा का छिन्दवाड़ा शहर सहित ग्रामीण अंचलों में भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में पदयात्रियों के साथ सांसद श्री साहू चल रहे है। इस दौरान हुई बारिश भी पदयात्रा को रोक नहीं पाई। पदयात्रा का रोहना सहित अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा के रोहना पहुंचने पूर्व युवा नेता अजय सक्सेना ने सांसद बंटी विवेक साहू का स्वागत किया। रोहना में पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीताराम डेहरिया, विजय पांडेय, पंकज शुक्ला, छोटु पाल, धर्मेन्द्र मिगलानी, सीताराम चंद्रवंशी, अखिलेश शुक्ला, बब्लु विश्वकर्मा, अभिषेक वर्मा, नीरज वर्मा, शरद पेठने, गुडडा सुर्यवंशी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में रोहनावासी उपस्थित थे।

## सांवरी व मैनीखापा उप ब्लॉक की बैठक का आयोजन

### एआइसीसी व पीसीसी के पर्यवेक्षकों ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत एआइसीसी व पीसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षकगणों ने सांवरी व मैनीखापा उप ब्लॉक के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ ही संगठन में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पद देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजन को माननीय राहुल गांधी जी की मंशा व उनकी अपेक्षाओं से अवगत भी कराया। सांवरी बैरियर में सम्पन्न हुई दो उप ब्लॉकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए एआइसीसी व पीसीसी के पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन को गांव और वार्ड स्तर तक केवल सशक्त नहीं बल्कि सक्रिय भी करना है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के नेतृत्व में छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस संगठन सशक्त है इस बात में कोई दो मत नहीं, किन्तु हम सभी की सहभागिता व सक्रियता से कांग्रेस का हाथ और अधिक मजबूत होगा, इसीलिये सर्वप्रथम यह आवश्यक है कि नियुक्ति करते समय और नियुक्त होते समय यह तय कर लें कि संगठन को कितना समय दे पाएंगे। संगठन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

मप्र के सभी जिलों की तुलना में छिन्दवाड़ा का ही कांग्रेस संगठन सबसे अधिक अनुशासित व सक्रिय है और इसका श्रेय माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के साथ ही आप सभी को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि इसी अनुशासन के साथ सक्रियता को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है और इसमें एआइसीसी व पीसीसी के पर्यवेक्षक मददगार साबित होंगे लगातार सभी के सम्पर्क में रहेंगे। आयोजित बैठक को पर्यवेक्षक श्री संजय कपूर व अनिभव ढिमोले ने भी सम्बोधित किया।

## छिंदवाड़ा के महाराजा का पट पूजन कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गणराज वेलफेयर सोसाइटी छिंदवाड़ा के महाराजा प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य अमित राय , कोषाध्यक्ष डॉ.चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराजा की मूर्ति निर्माण के पूर्व छिंदवाड़ा के महाराजा के परम भक्त छिंदवाड़ा पांढुरना सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में एवं समस्त गणेश भक्तों की उपस्थिति में महाराजा की सुंदर ,मनमोहक,दिव्य मूर्ति का निर्माण पूर्व पट पूजन कार्य संपन्न हुआ । छिंदवाड़ा के महाराजा के वरिष्ठ सदस्य इमरत चक्रवर्ती,राजेश साहू ने बताया कि शुभ अमृत योग पर दिनांक 26 जून को कलेक्टर बंगले के पास पुराना गौरैया नाका श्री छिंदवाड़ा के महाराजा के स्थापना स्थल पर पूरे विधि-विधान और मंत्र उच्चारण के साथ भगवान श्री गणेश छिंदवाड़ा के महाराजा की मूर्ति निर्माण के पूर्व उनके भव्य पटा का पूजन विधिवत तौर पर सैकड़ो गणेश भक्तों की उपस्थिति पूज्य श्रवण कृष्ण शास्त्री ने कराया।

### 2 सटोरियों से नगदी 2280 रूपए किए जप्त

**छिंदवाड़ा।** परासिया मे सट्टा-पट्टी लिखने की मुखबिर सूचना पर एसडीओपी परासिया जितेंद्र जाट द्वारा थाना परासिया को उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । एस.डी.ओ.पी.परासिया जितेंद्र जाट द्वारा गठित टीम ने 24 जून को कार्यवाही हेतु सज्जू कबाड़ी की दुकान के पीछे का कोठा परासिया एवं बुलबुल कलेक्शन के पास मेन रोड भट्टी मोहल्ला परासिया मे पुलिस टीम द्वारा दाबिश देकर,घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जो आरोपी शकील कुरैशी के कब्जे से एक सट्टा-पर्ची, एक vivo कंपनी का एनड्राईड मोबाईल,सट्टा लगवाड़ी रकम 1370 नगदी एवं आरोपी मोनू उर्फ जगदीश के कब्जे से एक सट्टा-पर्ची, कार्बन प्रति,सट्टा लगवाड़ी रकम 890 नगदी कुल जुमला लगवाड़ी रकम 2280/- रूपये जिन्हें विधिवत समक्ष गवाहों के जप्त किया गया।

## अर्जनवीस भवन के पास लगा गंदगी-दलदल का अंबार

### टूटे-फूटे भवन में कर रहे हैं अर्जनवीस सालों से काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बारिश का दौर शुरू हो गया है गुरुवार को नगर में झमाझम हुई बारिश ने गर्मी से लोगों को राहत दिलाई है।वही बारिश के साथ सरकारी विभागों में आने वाले लोगों को क्षतिग्रस्त भवन एवं साफ सफाई की व्यवस्था नहीं होने के चलते परेशानियों से होकर कार्यालय तक पहुंचाना पड़ रहा है।

तहसील कार्यालय परिसर में बने हुए अर्जिनिस कक्षा और उसके आसपास फैली हुई गंदगी के कारण यहां पर आने वाले ग्रामीण महिलाओं युवाओं को आए दिन दो चार होना पड़ता है, रजिस्ट्री जाति प्रमाण पत्र नामांतरण टाइपिंग स्टांप खरीदी आदि के लिए बड़े पैमाने पर सौसर क्षेत्र के ग्रामीण यहां पर विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं।

गुरुवार को हुई झमाझम बारिश के चलते अर्जनवीस कक्ष के आजू-बाजू में बड़े पैमाने पर गढ़ों में पानी भरने के कारण यहां पर आए हुए लोगों को दिनभर परेशान होना पड़ा है।एक और जहां पुराना अर्जनवीस भवन क्षतिग्रस्त अवस्था में आंसू बहा रहा है वहीं दूसरी और अब इसके आसपास फैली हुई गंदगी गढ़ों में जमा पानी मच्छरों के कारण भी यहां पर आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

क्षतिग्रस्त जगह-जगह से दरारे पड़े हुए अर्जनवीस भवन के नवनिर्माण के साथी इस परिसर की साफ सफाई की मांग लंबे समय से यहां पर आने वाले कर्मचारियों एवं अर्जनवीसगणों के द्वारा शासन प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों से की जा रही है परंतु लंबा समय गुजर जाने के बावजूद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।जिसके चलते मजबूरी में धूप गर्मी या फिर बारिश के दिनों में यहां पर विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले लोगों को गंदगी और अव्यवस्था के बीच में उपस्थित होकर अपना कार्य करना पड़ रहा है। वर्तमान में बारिश के चलते यहां पर दलदल,गंदगी अधिक पैमाने पर बढ़ गई है,

### 11 वर्षों से निरंतर हो रहा है दिव्य आयोजन, लक्ष्मीनारायण मंदिर तक पहुंचती है यात्रा

# आज छोटी बाजार से निकलेगी जगन्नाथ रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



हर वर्ष शहर में छोटी बाजार के पास पुराना पावर हाउस से निकलने वाली जगन्नाथ महाप्रभु की पारंपरिक रथयात्रा इस वर्ष भी धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसमें पातालकोट से लगभग 50कलाकार जिले की सांस्कृतिक झलक का प्रदर्शन करेंगे। शुक्रवार को निकलने वाली यह रथयात्रा दोपहर 12 बजे से प्रस्थान करेगी और शाम 4 बजे परम संतोष श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में जाकर संपन्न होगी। यहां पर विश्राम के बाद प्रभु को वर्धमान सिंटी स्थित पं विजय आनंद दुबे के निवास जगन्नाथ आराधना स्थली के लिए विशेष छिन्दवाड़ा के महाराजा रथ से ले जाया जाएगा इस दौरान जगन्नाथ पुरी की परंपरानुसार भगवान मदनमोहन के भी दर्शन श्रद्धालुओं को हो सकेंगे। यात्रा प्रभारी आदित्य कराड़े ने बताया कि यात्रा की तैयारियां पूरी की जा चुकी है तथा तीन दिवसीय पूजन महोत्सव बुधवार से शुरू हो गया। जिसमें जगन्नाथ जी के अनन्य भक्त पं स्पंदन आनंद दुबे द्वारा 25जून को भगवान का नवयोवन संस्कार विधि-विधानपूर्वक किया गया इस दौरान भगवन के तीनों विग्रह स्वस्थ हुए इसके बाद विगत दिवस गुरुवार 26 जून को भगवान का विशेष पूजन अर्चन और श्रंगार कर नेत्रोत्सव संस्कार किया गया जिसके पश्चात महाप्रभु को उत्सवपूर्ण तरीके से विहार यात्रा कर छोटीबाज़ार स्थित जगन्नाथ पूजन स्थल लाया गया। जिसके सायंकाल से ही श्री बलभद्र, मां सुभद्रा एवं श्री जगन्नाथ भगवान के विविध अनुष्ठान संपादित किए गए।

### आज सुबह चार बजे से ही शुरू हो जाएगी विशेष पूजा

आयोजन प्रमुख पं स्पंदन आनंद दुबे ने जानकारी दी कि आज के इस विशेष दिन पर सुबह चार बजे से कलश स्थापना होगी। इसके बाद मंगला आरती के साथ श्रीसूक्त और पुरष सूक्त का पाठ होगा। अभिषेक और बड़ा श्रृंगार आरती के बार अटका भोजन पूजा होगी। इसके बादसहस्त्रनाम पाठ के बाद धूप आरती के पश्चात भगवान के दर्शन के लिए पट खुलेंगे। सुबह नौ बजे उन्हें छप्पन भोग लगाए जाएंगे। इसके पश्चात विविध पूजा विधि संपन्न कराने के बाद श्री बलभद्र, सुभद्राजी के साथ भगवान जगन्नाथ को रथ पर प्रतिष्ठित किया जाएगा। आयोजन के मीडिया प्रभारी गौरव सोनी ने बताया कि दोपहर 12 बजे रथ संचलन पुराना पावर हाउस, छोटी बाजार के पास से होगा। यात्रा यहां से निकलकर बुधवारी होते हुए परम संतोष लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचेगी तथा यहां त्रिमूर्ति का विश्राम एवं धूपार्ती और भात वितरण होगा। इसके बाद से विशेष वाहन से भगवान को वर्धमान सिटी ले जाया जाएगा जहां विविध धार्मिक संस्कारों पूजन अर्चन और भोग के बाद आठ बजे ओडिया राजराजेश्वर वेश श्रृंगार दर्शन होंगे जो रात दस बजे तक किए जा सकेंगे। आरती के बाद महाप्रसादी वितरण होगा।

## कोयला मंत्री और सी आई एल के चेयरमैन के नाम जीएम को सौंपा ज्ञापन



**परासिया :-** परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि ने कोयला मंत्री जी एस रेड्डी और कोल इंडिया लिमिटेड (सी आई एल ) के चेयरमैन के नाम पेंच कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मांग रखी है , कि कोल इंडिया के नियमित कामगारों की तरह ठेका मजदूरों पर भी ड्रेस कोड लागू हो ।गौरतलब है , कि हाल ही में कोल इंडिया लिमिटेड के द्वारा समस्त नियमित कोयला कामगारों पर ड्रेस कोड लागू किया है । जिसके लिए प्रत्येक कामगार को 12500 रूपये दिए जाएंगे । इस मामले में परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि का कहना है , कि कोल इंडिया में नियमित कामगारों के साथ अन्य ठेका मजदूर भी बराबरी से काम करते हैं । ड्रेस कोड लागू होने के बाद नियमित कामगार और ठेका मजदूरों में भिन्नता नजर आएगी जिससे ठेका मजदूरों का मनोबल टूटेगा । अतः उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और कोयला मंत्री से ठेका मजदूरों पर भी ड्रेस कोड लागू करने की मांग रखी है ।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEARS
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara | Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## आरआई और पटवारी ने एसडीएम के आदेश का नहीं किया पालन

# अतिक्रमण के चलते बरारिया स्कूल पहुंच मुख्य मार्ग जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



चौंकिएगा मत , यह नदी या तालाब नहीं है । यह तस्वीर ग्राम पंचायत बरारिया स्कूल पहुंच मार्ग की है , जहां सड़क सीमा के नजदीक गांव के दो लोगों ने मिट्टी बंधान कर पानी के बहाव को रोक दिया है ।जिससे यह सड़क 50 मीटर से अधिक दूरी तक जलमग्न हो गई है । मुख्य सड़क में कीचड़ और पानी के कारण स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों और ग्रामीणों के आवागमन में अत्यंत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।उक्त बिषय को लेकर सरपंच मोहन कहार ने 19 जून को एसडीएम पुष्पेंद्र निगम से मुलाकात कर एक पत्र लिखकर समस्या के निराकरण की बात रखी थी । जिसमें एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय पटवारी को एक पत्र जारी कर अतिक्रमण हटाकर करवाई करने की बात कही थी । पत्र में कहा गया था , कि आप तत्काल उक्त स्थल की जांच कर अतिक्रमण होने पर अतिक्रमण का प्रकरण तैयार कर अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें । 20 जून को राजस्व निरीक्षक राजाराम शंकर सिंगारे अपनी पटवारी टीम के साथ अतिक्रमण स्थल पर पहुंचे जहां मुख्य मार्ग के दोनों तरफ पांच - पांच फीट अतिक्रमण पाया गया । अतिक्रमणकारियों द्वारा बनाए गए बंधान को भी देखा गया । इसके बावजूद भी राजस्व टीम ने इस अतिक्रमण को हटाने के लिए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है । राजस्व निरीक्षक ने अतिक्रमण हटाने की अपेक्षा पंचायत को नाली बनाकर पानी निकालना के लिए कहा । जबकि सड़क के दोनों तरफ पाइपलाइन होने के कारण पक्की नाली निर्माण करना संभव नहीं है । सड़क की भौगोलिक स्थिति के अनुसार गांव का पानी इसी रास्ते से जाता है । पानी का बहाव इतना तेज नहीं है , कि फसल को नुकसान हो सके । जहां इन लोगों ने अतिक्रमण किया है , उक्त स्थल कि शासकीय भूमि से मिट्टी बंधान हटाने से सड़क में पानी नहीं रुकेगा ।

### विद्यार्थी और आंगनवाड़ी के बच्चों और ग्रामीणों को परेशानी

जिस मुख्य मार्ग में इन दो लोगों ने सड़क के समीप मिट्टी डालकर बंधान बनाकर पानी का बहाव रोका है जिससे यह सड़क जलमग्न हो गई है , इस मार्ग से हाईस्कूल पहुंचने वाले सैंकड़ों विद्यार्थी , आंगनवाड़ी के नन्हे मुन्ने बच्चे एवं ग्रामीण सहित ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचने वाले हितग्राहियों , स्कूल आने वाले शिक्षकों ,शासकीय कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । विधायक निधि से स्वीकृत उक्त सड़क का निर्माण किया जाना है , सड़क में पानी और कीचड़ आने से निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है । इस मार्ग में मिट्टी डालकर किया गया अतिक्रमण हटाने से स्कूली विद्यार्थी कर्मचारी और ग्रामीणों का आवागमन सुलभ हो सकेगा राजस्व विभाग द्वारा यह अतिक्रमण नहीं हटाने की दशा में इस मार्ग में दुर्घटना संभावित है ।वहीं तीन से चार गरीब परिवारों के घर में पानी प्रवेश करने से गृहस्थी के समान के नुकसान होने की आशंका भी है । सरपंच मोहन कहार ने बताया , कि राजस्व टीम ने यहां अतिक्रमण पाया गया है , फिर भी चुप्पी साधे हुऐ हैं । अतिक्रमण होने की जानकारी एसडीएम साहब को नहीं दी गई । इस संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर उक्त समस्या रखेंगे । उन्होंने कहा , कि अगर इस मार्ग में कोई अनहोनी घटना होती है जिसकी जिम्मेदार प्रशासन होगा।

### दमुआ सहित आस पास के क्षेत्रों मे शराब की तस्करी

**दमुआ।** दमुआ सहित आस पास के क्षेत्रो में शराब की तस्करी जोरो पर चल रही है और शराब तस्कर सक्रिय नजर आ रहे है। वैसे भी मार्च 2025 से शराब का नया ठेका महंगे दाम पर हुआ है। फिर भी शराब ठेकेदार को चूना लगाने के नाम पर दमुआ एवं आस पास के क्षेत्र मे शराब तस्कर शराब की तस्करी करने में सक्रिय नजर आ रहे हैं । मिली जानकारी के अनुसार शराब तस्करी करने वाले लोग सस्ती शराब बेचने का लालच देते है। इस तरह दमुआ सहित आस पास के क्षेत्रा मे शराब की तस्करी भारी मात्रा में होने के समाचार मिल रहे है। ऐसा ही चलता रहा तो शराब ठेकेदार को भारी नुकसान हो सकता हैं अतः आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन को चाहिए कि ऐसे अवैध शराब की तस्करी करने वालो की धर पकड करना चाहिए।

## महादेव उड़ान पुल निर्माण कार्य की गति धीमी होने से शहरवासियों परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के मुख्य मार्ग चर्च तिराहा से महाराष्ट्र बैंक तक महादेव उड़ान पुल का निर्माण कार्य एमपीआरडीसी द्वारा जारी है। ठेकेदार द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी है कि यह महादेव पुल 2 माह पूर्व बनकर तैयार हो जाना था जो वर्तमान में भी अधूरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के चलते मार्ग को परिवर्तित किया गया था अब यह परिवर्तित मार्ग लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

सड़क निर्माण कंपनी द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर कन्हान बचाओ मंच ने एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर चर्च मार्ग को सुचारु करने की मांग की है जिससे आवागमन सरल हो सके। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बीते लगातार 2 वर्षों से निर्माण कार्य किये जा रहे निर्माण के कारण परासिया तथा दमुआ मार्ग से अंदर आने वाले छोटे, मझलै बड़े वाहन नहीं आ पा रहे है। जिसके कारण शहर का व्यापार व्यवसाय लगभग चौपट हो चुका है।

आमजन सहित व्यापारी व मजदूर वर्ग के सभी को नुकसान पहुंच रहा है। सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के नियमों का भी लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। बैगर वैकल्पिक मार्ग दिए इस सड़क का निर्माण कार्य कही न कही जांच का विषय है। बीते लगभग 2 वर्षों से महादेव उड़ान पुल के निर्माण कार्य के कारण यहां से सरकारी वाहन एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों का आवागमन रुक जाने से बड़ी तकलीफ हो रही है। अब 20 जून के पश्चात स्कूल कॉलेज के खुल जाने से छात्र-छात्राओं को भी आवागमन में तकलीफ होने लगी है।

आम जनता एवं व्यापारियों सहित छात्र-छात्राओं की इस कठिनाईयों को मद्देनजर रखते हुए श्री राम तिराहा (चर्च) से जुन्नारदेव के अंबेडकर चौक तक के मार्ग को जल्द ही खोल दिये जाने की मांग शासन प्रशासन से की गई है। कन्हान बचाओ मंच ने ज्ञापन में कहां है कि यदि आगामी दिनों में शासन प्रशासन द्वारा आम जनता की इन समस्याओं पर ध्यान न दिया गया तो वह बड़े आन्दोलन धरना के लिए विवश होगें। उन्होंने शासन प्रशासन से समस्या के तत्काल निराकरण हेतु सड़क निर्माण कंपनी को निर्देशित करने की मांग भी की है।

## दलितों पर अत्याचार के खिलाफ जय भीम सेना ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज जय भीम सेना सामाजिक संगठन छिन्दवाड़ा के द्वारा दलित समुदाय की तीन प्रमुख मांगों को लेकर आम्बेडकर तिराहे पर एकत्र होकर बाबा साहब आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला पुलिस प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रैली निकालकर नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शोषित ,वंचित समाज के ऊपर हो रहे शोषण व अत्याचार के खिलाफ दलित समुदाय के लोगों की पुलिस विभाग के द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज ना करने के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया कि जिसमें पुलिस प्रशासन को दलित परिवार के पीड़ति लोगों के द्वारा भिन्न- भिन्न पुलिस थानों में शिकायतें दी गयी थी जिस पर आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी । जिसके विरोध में ज्ञापन दिया गया और मांग की गयी कि जल्द से जल्द लंबित शिकायतों पर निष्पक्ष जांच करवाकर आरोपियों के विरूद्ध एफ.आई.आर.दर्ज की जाये। जिसको लेकर नगर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र अतिशीघ्र जांच करवाकर न्याय दिलाया जायेगा ,उसके बाद संगठन के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदया एवं प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय जी के नाम भी जिले में दलित समुदाय के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया । एक ओर तो प्रदेश की सरकार दलित ,शोषित ,वंचित समाज को संरक्षण करने की बात करती है वहीं दूसरी ओर जिले एवं प्रदेश में सबसे ज्यादा शोषण व अन्याय अत्याचार इन्हीं वर्गो पर हो रहा है पुलिस प्रशासन निष्पक्ष जांच कर न्याय नहीं दिलायेगी आगामी समय में संगठन प्रशासन के खिलाफ उग्र जनआंदोलन करने के लिये बाध्य होगा । जिसमें मुख्य रूप से शिवम् पहाडे.,अरूणा तिलंते ,गणपत पटेल ,राजकुमार खडसे ,दिनेश इनवाती ,पप्पू मंडराह ,किशोर वंशकार ,बंटी मण्डराह ,सागर परतेती ,पारस वंशकार ,राजा गुन्हेरे ,बबलू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पटनिया पहुंचे अमरवाड़ा सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

आज शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पटनिया में अमरवाड़ा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी जयदेव शर्मा सर का आगमन हुआ और उन्होंने स्कूल का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने कक्षा तीसरी चौथी पांचवीं के बच्चों को नवोदय विद्यालय में चयन हेतु मार्गदर्शित किया और बच्चों को अधिक से अधिक समय तक पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया वही बच्चों को गाईड भी किया और प्रत्येक बच्चों को बिस्किट के पैकेट प्रदान किए।श्री शर्मा ने बताया कि अभ्युदय नवोदय अंतर्गत जनपद पंचायत अमरवाड़ा में 40 विद्यालयों का चयन किया गया है। जिसमें कुल 150 बच्चों को उसी स्कूल के शिक्षक प्राईवेट कोचिंग की तर्ज पर उन्हें नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा की तैयारी कराएंगे। जिसके लिए जनसहयोग से नवोदय विद्यालय की गाईड और उसकी तैयारी की पुस्तकों को भी बच्चों की तैयारी को लेकर दिलाई जा रही है।इससे शिक्षा का स्तर बढ़ेगा और बच्चों के नवोदय में प्रवेश होने की संभावना भी बढ़ जाएगी।

इस अवसर पर विद्यालय की साफ सफाई व्यवस्था और शिक्षकों सहित बच्चों से रूबरू हुए और विभिन्न विषयों पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक पी आर चंद्रवंशी शिक्षक धनीराम डेहरिया, शिक्षिका गीता चौरसिया, रामता डेहरिया, एस आर सरयाम सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### वेकोलि द्वारा निर्मित मजदूर कॉलोनी क्वाटर मकानों की हालत जर्जर

**दमुआ।** वेकोलि द्वारा बनाई गई वर्षो पूर्व मजदूर कॉलोनी क्वाटर मकानों की हालत बिल्कुल जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। घर मकानों की स्थिति ठीक नहीं है मकान क्वाटरों में दरारे पड़ गई है और मकान घर टूट फूट गये है फिर भी लोग रह रहें है। वेकोलि द्वारा निर्मित मजदूर कॉलोनी क्वाटर घरो को कई वर्षो पूर्व बनाये गये थे। जबकि कन्हान ऐरिया क्षेत्र की सभी कोयला खदाने बंद हो गई है और बनाई गई मजदूर कॉलोनी की क्वाटरे कई खाली पड़ी है क्वाटर मकानों की हालत जर्जर खराब है फिर भी लोग अपना कब्जा कर रह रहें है। यह तक की कई लोगो ने तो दो-दो, तीन-तीन घर मकानों में अपना कब्जा कर लिया है और निवास कर रहें है। और कुछ मकान क्वाटर घर खाली पड़े हुये है। क्वाटर मकान घरो में लगा सीमेन्ट, लोगा, ऐंगल, दरवाजे, खिड़की सभी सड़ गल गये है। जर्जर मकान घर बहुत पुराने हो गये है। अब तो सामने भारी बारिश का मौसम है। ऐसे में मकान घरो का क्या होगा बरसात के समय पर जर्जरनुमा मकान घर कभी भी पानी के वजह से धर्रा शाहीं हो सकते है। इसलिए वेकोलि टाउनशिप मैनेजर प्रबंधक एवं जी.एम.पी.एम महोदय कन्हान क्षेत्र संबंधित अधिकारियों को चाहिए कि खाली पडे जर्जर घरो को शीघ्र डिसमेंटल किया जावे ताकि भविष्य मे कोई दुर्घटना ना घट सके और जनधन की हानि होने से बच से तथा आम जनता सुरक्षित रहे।



#### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम

## जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु माय भारत पोर्टल पर वॉलिंटियर्स ( जलदूत) का किया गया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज लांजी ।




जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में बालाघाट कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जिला पंचायत बालाघाट के मार्गदर्शन में माय भारत पोर्टल पर वॉलिंटियर्स ( जलदूत) का रजिस्ट्रेशन किया गया है। जिसके तहत रजिस्टर्ड वालेंटियर्स ( जलदूत )का जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25/6/25 से 26/06/2025 तक जनपद पंचायत लांजी के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी ग्राम पंचायत के रजिस्टर्ड वॉलिंटियर्स (जलदूत) उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में राम गोपाल यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी, मुकेश खाडेकर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, श्री टी पी परते सहायक यत्री मनरेगा, नरेश शिवांकर उपयंत्री , दिपेश खांडेकर,श्रीमती तरुणा वासनिक बी सी स्वच्छ भारत मिशन, द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया ।उपस्थित वालंटियर से जल संवाद के माध्यम से सुझाव लिए गये , शपथ दिलाई गई । प्रशिक्षण के समापन में अजय अवसरे उपाध्यक्ष जप लांजी,रेवाजी कराहटकरें सभापति , दिनेश लाड़े सभापति उपस्थित हुए एवं जल संवर्धन अभियान के संबंध में अपने उद्बोधन दिए गए,एवं जनप्रतिनिधियों , व मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जल संवर्धन अभियान अंतर्गत फीडबैक हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर वॉलिंटियर्स के फीडबैक रजिस्टर्ड जनपद पंचायत से श्री अनिल गेडाम, बीसी सुरेश कुहाने , एडीएम मनरेगा एवं महेश मेश्राम, डीओ मनरेगा द्वारा कराया गया।

#### ट्रैक्टर की चाबी पशु मालिक लेकर हुआ फरार, आधे घंटे तक ट्रैक्टर की चाबी खोजबीन करते रहे नगर पालिका के कर्मचारी

## सडक़ों पर बैठे आवारा पशुओं को पकडऩे गई नपा की हाका गैंग

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी नगरपालिका की हॉका गैंग टीम ने बुधवार की रात से सडक़ों पर बैठे मवेशी को पकड़ कर कांजी हॉउस ले जाने का अभियान शुरू किया हैं। नगरपालिका द्वारा मुनादी के बाद भी पशु पालकों को समझाइने का कोई असर नहीं होने पर अभियान शुरू किया गया हैं। सडक़ों पर बैठे, घूमते मवेशी यातायात के लिए लंबे समय से परेशानी का सबक बने हुए हैं। नगर पालिका परिषद ने बुधवार से ही मवेशियों की धर पकड़ शुरू कर दिया हैं। नगरपालिका सीएमओ के निर्देश पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने सडक़ों से मवेशी हटाने की कार्यवाही शुरू की गई हैं। नगरपालिका की हॉका गैंग की टीम ने लगभग 15-20 सडक़ों पर बैठे आवारा पशुओं को पकडक़र कांजी हाउस में ले जाकर बंद कर दिया हैं।

### सडक़ों पर बैठे मवेशियों से लगता है जाम

नगर का कोई भी मार्ग मवेशियों से खाली नहीं रहता, सडक़ पर झुंड बनाकर चौराहे पर मवेशियों का जमघट दिन-रात लगा रहता हैं। बारिश के समय यह समस्या और बढ़ जाती हैं, मवेशी सूखा स्थान देख सडक़ पर बैठ जाते हैं। पशु मालिकों की लापरवाही से सडक़ पर मवेशी आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बने रहते हैं, मवेशियों से टकराकर पूर्व में भी मौत हो चुकी हैं।

### वाहन में मवेशी भरते समय ट्रैक्टर की चाबी लेकर पशु मालिक लेकर हुआ फरार

नगरपालिका की हॉका गैंग बुधवार की रात लगभग सात बजे मवेशी पकडऩे निकली, जो बालाघाट रोड, दीनदयाल चौक, रामपायली मार्ग में बैठे पशुओं को पकड़ कर पशु वाहन में भरकर कांजी हाउस ला रही थी। तभी नेहरु चौक के आगे हॉका गैंग की टीम सडक़ों पर विचरण कर रहे मवेशी को वाहन में भर रही थी। तभी पशु मालिक ट्रैक्टर की चाबी लेकर वहाँ से फरार हो गया। नगरपालिका की टीम ने उसे देखने का प्रयास किया, मगर वह नहीं मिला। जिससे पशु वाहन लगभग आधा घंटा वहीं पर खड़ा रहा, जिसके बाद दूसरे ट्रैक्टर की दूसरी चाबी की मदद सें पशु वाहन को काजी हॉउस तक पहुंचाया गया।



### सडक़ों पर बैठे आवारा पशुओं के मालिकों पर भी होगी कार्यवाही-सूर्यप्रकाश उके

नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि नगर के चौक चौराहे में आवारा पशु बैठे रहते हैं, हमने नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए सडक़ों पर बैठे आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान शुरू किया हैं। जिससे आवारा पशु सडक़ पर ना बैठ, प्रत्येक मवेशी मालिकों पर 500 रूपये का जुर्माना वसूला जायेगा।

ट्रैक्टर की चाबी लेकर फरार हुई घटना मेरे संज्ञान में नही हैं। अगर यह घटना सही हैं, तो जिसके द्वारा यह किया गया हैं, उस पर उचित कार्यवाही की जायेगी। वहीं नगर में फैले अतिक्रमणकारियों को भी अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया गया हैं, अगर वे खुद नहीं हटाते, तो नगरपालिका द्वारा हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

### राष्ट्रीय योग प्रशिक्षण शिविर में जिले से 4 योग शिक्षिकाओं ने लिया भाग

**वारासिवनी।** भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय बालाघाट एवं जिला संघ बालाघाट के निर्देशन में 5 दिवसीय राष्ट्रीय योग प्रशिक्षण शिविर दिल्ली में बालाघाट जिले से चार प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिन्होंने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडक्री से उमा मार्को, पोषक शाला पीएम श्री लड़सड़ा से रेवती उईके, लालबर्रा ब्लॉक से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंजई से जुंगा भलावी एवं माध्यमिक शाला पिपरिया बडगॉव से रतन माला गौरे गाइड कैप्टन सम्मिलित हुई। राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा शाला की प्राचार्या नंदा रंगारी, सुलोचना सोनकुसरे एवं मुकेश नगरे, ममता दुबे की मधुर वचनों से तारीफ की।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से हताहत लोगों के परिजनों से मिले पूर्व विधायक एवं मुख्य अभियंता

### सर्रा में 11केवी तार टूटने से एक ही घर के तीन लोगों की हुई थी मौत



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** विगत दो दिन पूर्व लांजी के वनांचल ग्राम सर्रा में 11केवी तार टूटने के कारण एक ही घर के तीन लोगों की दुःखद मृत्यु हो गयी थी जिनके परिजनों से लगातार जनप्रतिनिधियो एवं सरकारी अधिकारी कर्मचारी का मिलना जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार 26 जून को क्षेत्र के पूर्व विधायक रमेश भटेरे पीड़ति परिवार से जाकर मिले, ओर परिजनों को ढाढस बंधाया, साथ ही शासन प्रशासन से मिलने वाली हरसंभव मदद के लिए भी आश्वस्त किया। इस दौरान ग्राम सर्रा में स्थानीय लोगों में विद्युत मंडल के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। संयोगवश आज जबलपुर से विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता का भी घटना स्थल पर प्रवास हुआ जिनसे मिलकर श्री भटेरे ने चर्चा कर पीड़ति परिवार को सहायता राशि के संदर्भ में विभागीय खामियों के विषय में चर्चा की ओर दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की। वहीं दूसरी ओर जबलपुर से आए मुख्य अभियंता ने मीडिया से चर्चा की दौरान बताया कि ग्राम सर्रा में हुई घटना बहुत दुखद है, ओर पीड़ित परिवार के साथ वह संवेदना व्यक्त करते है। साथ ही घटना के विषय में उन्होंने कहा कि बारिश और आंधी तूफान के कारण विद्युत तार के ऊपर पेड़ की शाखा टूटकर गिर गई थी जिससे तार रोड पर झूल गया था जो अचानक घटना का कारण बना। ग्रामीणों द्वारा विभाग को तार के टूटने की सूचना रात में ही दे दी गईं थी। परंतु उक्त कर्मचारी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसके विरुद्ध भी विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्र में विद्युत लाइन के सुधार कार्य शुरू कर दिए गए है। एवं भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

#### साढे.6 लाख से अधिक का भुगतान बकाया व्यापारी कर रहा आनाकानी

## धान व्यापारी ने किसानों के साथ की धोखाधड़ी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के कटंगी थाने में धान व्यापार से जुड़ी एक बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है. ग्राम सुंदर, ऐरवाटोला, दुधारा, जामखारी, मंगलेगांव और गजपुर के 10 किसानों के साथ नवेगांव निवासी धान व्यापारी गेसेन्द्र पिता सेवकराम पटले ने अपनी पत्नी और साले के साथ मिलकर यह कथित धोखाधड़ी की है. किसानों ने गुरुवार को कटंगी थाना पहुंचकर धान व्यापारी के खिलाफ एक शिकायती आवेदन कर उचित कानूनी कार्रवाई करने और पैसा दिलवाने की मांग की है. किसानों ने बताया कि करीब साढ़े 06 लाख रुपए से अधिक का भुगतान बकाया है और व्यापारी पैसे देने में आनाकानी कर रहा है. किसानों के मुताबिक गेसेन्द्र बीते 03-04 वर्षों से गांव-गांव में घूमकर धान खरीदी का काम कर रहा था. जिसे किसानों के द्वारा अपनी धान की उपज बेची जाती थी. इसी माह की 12 तारीख से लेकर 16 तारीख के बीच गेसेन्द्र ने किसानों से धान क्रय किया और दो से तीन दिन के भीतर भुगतान करने का भरोसा दिया किंतु जब किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिल पाया तो किसानों ने अलग-अलग वक्त पर नवेगांव स्थित व्यापारी के घर पहुंचकर संपर्क करने की कोशिश की. जहां हर बार व्यापारी की पत्नी अलग-अलग बहाने करती रही और उन्होंने सभी किसानों को अपने भाई सुनील गौतम (कटंगी निवासी) से संपर्क करने को कहा. व्यापारी की पत्नी के कहने पर किसानों ने सुनील गौतम से संपर्क किया. सुनील ने सभी किसानों को 26 जून को भुगतान करने का भरोसा दिया परंतु आज जब किसान भुगतान के लिए सुनील गौतम के घर पहुंचे तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए और किसानों से साफ कह दिया कि उनका जीजा से कोई लेना-देना नहीं है, वह पैसा नहीं दे सकते. इस घटनाक्रम के बाद किसानों ने थाना पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया है।



**इस तरह की बकाया रकम:** किसानों ने थाने में जो शिकायती आवेदन किया है उसके मुताबिक गेसेन्द्र पटले पर लिंबा बिसेन के 28,800 रुपए, मनोहर खोब्रागड़े के 52,344 रुपए, मानिकराम नगपुरे के 48,500 रुपए, गंगाधर दमाहे के 25,000 रूपए, बादल प्रसाद लिल्हारे के 68,500 रुपए, झानिकिशोर हरिनखेड़े के 77,094 रुपए, लोचन लाल राहंगडाले के 1 लाख 16,400 रुपए, कन्हैयालाल क्षीरसागर के 33,566 रुपए, उमेश लिल्हारे के 1 लाख 76,490 रुपए, गुरूप्रसाद राउत के 39,000 रुपए की रकम बकाया है. यह रकम कुल 6 लाख 67 हजार 694 रुपए के आसपास है. किसानों ने बताया कि अभी खरीफ के सीजन में फसल लगाने के लिए उन्हें पैसों की जरूरत है ताकि वह खाद, बीज, दवा खरीद सकें लेकिन व्यापारी धान खरीदने के बाद पैसा नहीं दे रहा है. खैर, अब पुलिस को इस मामले में जांच करने की जरूरत है ताकि यह पता चल सके कि गेसेन्द्र पटले के पास धान खरीदी, व्यापारिक और भंडारण का लाइसेंस है या नहीं. वह किसानों से धान खरीद कर किसे बेच रहा था और कहां भंडारण कर रहा था और क्या इसके पहले भी किसानों के साथ इस तरह की ठगी उसके द्वारा की गई है।

**खबर संक्षेप**

### आदतन अपराधी सखन भलावी को कलेक्टर ने किया छः माह की कालावधि के लिए जिला बदर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने आदतन अपराधी सखन भलावी पिता श्यामलाल भलावी उम्र 26 वर्ष निवासी काली मंदिर के पास कटंगी नाका सिवनी को पुलिस अधीक्षक सिवनी के प्रतिवेदन के आधार पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत छः माह की कालावधि के लिए सिवनी जिले सहित छिंदवाडा, नरसिंहपुर, जबलपुर, बालाघाट तथा मण्डला जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन में अनावेदक के विरूद्ध 2023 से 2025 तक 08 आपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं।

# बारिश से सड़के तलाब में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के NH 44 पर स्थित कुरई बिकास खंड अंतर्गत आनेवाली ग्राम पंचायत मोहगांव सड़क में बुधवार को जोरदार हुई बारिश से सड़के ब तलाव में तब्दील हो गई और बस्ती में करीब 2 फिट पानी घुस गया।
मोहगांव निवासी बबलू सूर्यवंशी का घर भी पानी पानी ही गया जिससे उनके घरेलू सामान को भारी नुकसान हुआ है। बबलू ने बताया कि बीते 2 वर्ष से ग्राम पंचायत मोहगांव में शिकायत की जा रही है, पर न नाली का निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बरसात की शुरुआत में ही घरों में पानी घुस गया। पूरी बरसात पड़ी है।
2 छोटे बच्चे के साथ कैसे गुजारा होगा, समझ नहीं आ रहा है, उन्होंने चिंता जताई। घर पर पानी के साथ जहरीले व जंतुओ के घुस आने का भय है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत मोहगांव सचिव से संपर्क करने करने की कोशिश की, लेकिन मोबाईल नंबर बंद मिला। ऐसे में उन्होंने जिला कलेक्टर, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार,आर आई , पटवारी को फोन कर अपनी समस्या से अवगत कराया। देर रात तक ठुल्लू पम्प लगा कर घर से बाहर पानी निकलते रहे।

# सहायक आयुक्त कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोपी बाबू यशवंत नागभीरे को पुनः मलाईदार शाखा देने की चल रही चर्चाएं

## आखिर यशवंत नागभीरे पर क्यों मेहरबान है सहायक आयुक्त सत्येंद्र मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सहायक आयुक्त कार्यालय सिवनी के दिन ब दिन नए-नए किस्से सुने देते हैं ऐसी ही कुछ चर्चाएं सिवनी जिला कार्यालय में पदस्थ यशवंत नगभीरे को लेकर चौक चौराहों और पानठेलो सुनी जा रही है, चल रही चर्चाओं की माने तो पूर्व में सहायक आयुक्त कार्यालय में हुई अनुकंपा नियुक्ति में नियमों को दरकिनार कर भारी अनियमितता बरतते हुए,अपात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति दी गई है जिसकी जांच भोपाल स्तर पर शिकायत के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही हेतु जांच प्रतिवेदन भोपाल भेज दिया गया है।
जिसमें दोषियों पर बड़ी कार्यवाही होना सुनिश्चित है उक्त चर्चाओं में इन अनुकम्पा नियुक्तियों में बड़े स्तर पर लेनदेन किया जाकर अपात्रों को नियुक्तियां प्रदान की गई है।



उक्त पूरे मामले में सहायक आयुक्त के विशेष कृपापात्र माने जाने वाले उक्त नियुक्तियो के दौरान स्थापना शाखा का प्रभार संभालने वाले लिपिक यशवंत नागभिरे पर बड़ी कार्यवाही प्रस्तावित है, ऐसे में यशवंत नागभिरे को छात्रावास शाखा जिसे मलाईदार शाखा माना जाता है देने की तैयारी चल रही है। यदि यशवन्त नागभिरे को सहायक आयुक्त सतेंद्र मरकाम पुनः ऐसा मलाईदार शाखा का प्रभार सौंपते है तो यक्ष प्रश्न जरूर उठेगा कि जहां मोहन सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त नीति अपना रही है वहां एक बाबू पर सहायक आयुक्त सतेंद्र मरकाम क्यों मेहरबान है।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर अभाविप ने निकाली मशाल यात्रा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कहा इंदिरा सरकार ने आपातकाल लगाकर संविधान को खंडित किया। 1975 से लेकर 1977 के 19 माह तक तत्कालीन इंदिरा सरकार के देश में लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं इसके विरोध में बुधवार को 6:00 बजे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी इकाई द्वारा मशाल यात्रा निकालकर आपातकाल का विरोध किया गया इस दौरान प्रमुख रूप से विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल जिला संयोजक सुजल मिश्रा मौजूद थे इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने हाथ में मशाल लेकर यात्रा निकाली यात्रा गांधी भवन चौक से शुरू होकर गणेश चौक शुक्रवारी चौक में भाषण के दौरान इसका समापन किया गया जिला संयोजक सुजल मिश्रा ने बताया कि तत्कालीन इंदिरा सरकार के कार्यकाल में 1975 से 77 तक 9 महीने का वह काली रात वह दूर देश की जनता और लोकतंत्र सेनानियों ने भोक्ता इस दौरान सभी के अधिकार छीन लिए गए और उन पर तानाशाही पूर्वक शासन किया गया जिस आपातकाल के आज 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं हम चाहते हैं कि ऐसा कला कला कई देश पर ना आए और देश का संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहे आपातकाल को लेकर गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज गांधी परिवार संविधान की दुहाई दे रहा है लेकिन उन्हें ही आपातकाल के रूप में संविधान को खंडित करने का काम किया आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर इसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी शिवानी ने मशाल यात्रा निकालकर इसका विरोध जताया इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डुण्डासिवनी पुलिस ने आवारा व मनचले तत्वों पर की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा लापरवाही पूर्वक एवं तेज रफतार वाहन चालको व खुले मे शराब पीने वाला व स्थाई वारंटियो की तमीली एवं अवैध गतिविधियों पर कारवाई हेतु निरंतर प्रयासरत है जिनके निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक .डी.शर्मा एवं सी.एस.पी. मति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा निरंतर कारवाई की जा रही है
इसी तारतम्य में आज दिनांक 25/06/2025 को थाना डुण्डासिवनी के अप.क्र. 267/19 प्रकरण क्रमांक 1114/19 में 4 साल से फरार स्थाई वारंटी महेन्द्र सुर्यवंशी पिता भरतलाल सुर्यवंशी उम्र 32 साल नि. कटंगी नाका को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एंव न्यायिक मजिस्ट्रेट जबलपुर प्रकरण क्रमाक 469/24 में जारी स्थाई वांरटी मनोज पिता वंशीलाल बघेल उम्र-32 सालनिवासी मानेगांव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा।
विगत दिनो मे डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा अवैध गतिविधियो के विरुध्द कारवाई करते हुए खुले मे शराब पीने वालो के विरुध्द अभियान चलाया गया जिस पर तीन लोगो क्रमशः शिवम पिता सियाचंद गोस्वामी, विशाल पिता दिलीप अवधिया, दीपक पिता मानिक लाल डहरवाल के विरुध्द अपराध क्रमांक 287/25,288/25,289/25 धारा 36 थी आबकारी एक्ट कायम किया गया।

# खनिज, वन व पुलिस विभाग क्यों नतमस्तक हैं अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के आगे?







**जिले में रेत, मिट्टी, मुरम और गिट्टी का अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। इससे न सिर्फ शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन और आमजन की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो चुका है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आश्चर्यजनक रूप से, खनिज विभाग, वन विभाग और पुलिस प्रशासन की भूमिका इस पूरे मामले में या तो पूरी तरह निष्क्रिय है, या संदेहास्पद।
सिंगोड़ी निवासी कार्तिकेय ठाकुर के खिलाफ अधूरी कार्रवाई ताजा मामला सिंगोड़ी निवासी कार्तिकेय ठाकुर नामक व्यक्ति से जुड़ा है, जो मुरम के अवैध खनन और परिवहन के लिए कुख्यात है। हाल ही में खनिज अधिकारी सोहन सलामे ने उसकी एक डंपर गाड़ी (क्रमांक MP 22 ZC 9511) को पकड़कर थाना काँहीवाड़ा में खड़ा किया। परंतु यह कार्रवाई केवल इसी एक वाहन तक सीमित रह गई। मौके पर मौजूद अन्य डंपर और पोकलेन मशीन, जो अवैध खनन में संलग्न थीं, को छुआ तक नहीं गया। सवाल यह उठता है कि क्या यह विभागीय लापरवाही है या किसी दबाव अथवा मिलीभगत का परिणाम?

### हजारों डंपरों का अवैध भंडारण, प्रशासन मौन

विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो कार्तिकेय ठाकुर द्वारा हजारों डंपरों की मुरम का अवैध भंडारण किया गया है, जो सिंगोड़ी क्षेत्र में खुलेआम संचालित है। रात्रि से लेकर दिन तक भारी वाहन अवैध खनिज लेकर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे ग्रामीण मार्गों की हालत बदतर हो चुकी है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है।इसके बावजूद खनिज विभाग, पुलिस व वन विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे आमजन में गहरी नाराजगी है।

### क्या सिर्फ दिखावटी कार्रवाई हो रही है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारी केवल उच्चाधिकारियों को दिखाने के लिए एक-दो वाहन जब्त करते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और फिर फाइल बंद कर दी जाती है। इतना ही नहीं, जब्त वाहन और मशीनें कुछ ही समय बाद पुनः अवैध गतिविधियों में लगी देखी जाती हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि या तो विभागीय नियंत्रण पूरी तरह असफल है, या फिर अवैध कारोबारियों के साथ कोई भीतरखाने समझौता चल रहा है।

### जनता में आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया, तो यह अवैध नेटवर्क और भी विकराल रूप ले सकता है। इससे न केवल शासन को राजस्व हानि होगी, बल्कि सड़कों की जर्जर स्थिति, दुर्घटनाएं और जलस्रोतों का क्षरण गंभीर संकट में बदल जाएगा।

### सरकार से उम्मीद

अब सवाल यह है कि क्या शासन-प्रशासन इस गंभीर और जमीनी हकीकत पर कोई ठोस कदम उठाएगा या यह मामला भी महज एक और फाइलबंद औपचारिकता बनकर रह जाएगा? यदि इस पूरे नेटवर्क पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया, तो सिवनी जिला एक बड़े खनिज और पर्यावरणीय संकट का केंद्र बन सकता है।

# कलेक्टर एसपी की अध्यक्षता में 1 जुलाई को विकासखंड घंसौर में आयोजित होगी खंडस्तरीय जनसुनवाई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिलें के दूरस्थ अंचल के नागरिकों की समस्याओ के त्वरित निराकरण एवं उनकी सुविधाओं के लिए कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता आगामी मंगलवार 01 जुलाई को घंसौर विकासखण्ड की विकासखंडस्तरीय जनसुनवाई में शामिल होंगे। कलेक्टर सुश्री जैन एवं एसपी मेहता सभी विभागों के विकासखण्डस्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुन निराकरण करेंगे।



### चाकूबाज को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिलें में चाकूबाज की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिलें एवं नगर में हो रही चाकूबा की घटनाओं की रोकथाम हेतु संदिग्धों एवं आरोपियों को शीघ्र अति शीघ्र धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया है जो एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सीएसपी मती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस शीघ्र अतिशीघ्र कार्रवाई हेतु अग्रेषित है।
इसी क्रम दिनांक 24/06/2025 को सूचना मिली की बबरिया रोड़ एटमोस्पीयर के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार छूरी लेकर आने जाने को डरा धमका रहा है सूचना पर तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड़ कार्रवाई हेतु रवाना किया गया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे स्टाफ एवं गवाहों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम हर्षित विश्वकर्मा निवासी कोष्टा मोहल्ला भैरोगंज का होना बताया जिसकी तलास लेने पर एक पुरानी धारदार छुरी मिली जिसके विरूध्द 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया हैं।

### मध्य प्रदेश के मुख्य शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्कूली पाठ्यक्रम में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करने की दिशा में एक आदर्श बदलाव पर जोर दिया है, इस दृष्टिकोण के प्रभावी के लिए सक्षम और अच्छी तरह से प्रशिक्षित शिक्षकों का मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान श्यामला हिल्स भोपाल में चल रहा है, इस आधारभूत प्रशिक्षण से प्रशिक्षित होकर प्रत्येक जिलों से आए हुए मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में वहां के प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा का प्रशिक्षण देंगे, जिससे कक्षा तीसरी से आठवीं तक शारीरिक शिक्षा की शिक्षा बच्चों को दी जा सकेगी। स्कूलों में इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्कूल के बच्चे शारीरिक शिक्षा और योग के माध्यम से फिटनेस,मानसिक स्वास्थ्य और नैतिक जीवन को बढ़ा सकते हैं।
इस शारीरिक शिक्षा आधारित प्रशिक्षण से स्कूली बच्चे शारीरिक शिक्षा विषय के माध्यम से शैक्षिक विषयों का ज्ञान अर्जित करेंगे, एवं शैक्षणिक विषयों के माध्यम से शारीरिक शिक्षा का ज्ञान अर्जित करेंगे। जिससे उन बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा।शारीरिक शिक्षा आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिवनी से श्री देवेंद्र ठाकुर व्यायाम निर्देशक, श्री अरविंद चंद्रवंशी व्यायाम निर्देशक, मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दिनांक 23 जून से 27 जून 2025 तक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में ले रहे हैं।

### पंवार समाज के राष्टय उपाध्यक्ष बने पंकज बिसेन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा का अधिवेशन गोदिया में आयोजित किया गया जिसमें महासभा के पदाधिकारी गणों को पद की शपथ दिलाई गई सिवनी से वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में पंकज बिसेन ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ली पंकज बिसेन लगातार सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं वे पिछले 10 वर्षों से महासभा का कार्य कर रहे हैं इस अवसर पर समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पीजी कालेज के फिंटटेक एआई के विद्यार्थिओं का रहा शत प्रतिशत परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय सिवनी में 3 जनवरी 2025 से IIT दिल्ली से संचालित AI (आर्टिफीशिया इंटेलीजेन्स) तथा Fintech With AI कोर्स प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सिलेंस सिवनी में प्रारंभ किया गया था जिसका परिणाम 14 जून 2025 को घोषित किया गया है जिसमे प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सिलेंस सिवनी के 15 विद्यार्थियों ने 100% परिणाम के साथ महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों को उनके उत्तम प्रदर्शन के लिए शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय सिवनी में शुभकामना एवं आशीर्वाद देने के लिए कार्यक्रम



आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में कोर्स की नोडल डॉ श्रुति अवस्थी ने AI तथा Fintech With AI कोर्स के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों के इन तीन माह के दौरान विभिन्न परिस्थितियों की जानकारी दी तथा ये भी बताया कि इस सर्टिफिकेशन कोर्से के बाद विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ड्राइव के द्वारा रोज़गार की सम्भावनाये अधिक हो गई है जिससे इन विद्यार्थियों के लिए रोज़गार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए AI तथा Fintech With AI कोर्स के महत्व को विस्तार से बताया।
इस कार्यक्रम में महाविद्यालय सिवनी के वरिष्ट प्राध्यापक के रूप में डॉ सविता मसीह, डॉ ज्योत्सना नवकार,डॉ मानसिंह बघेल,डॉ पवन वासनिक, डॉ राधेश्याम डेहरिया, डॉ ज्योति गजभिये, डॉ श्याम सिंह रहांगडाले, एवं सभी स्टाफ के सदस्यों ने शुभकामना प्रेषित की। विद्यार्थियों ने भी कोर्स के दौरान अपने अनुभवों को साँझा किया।

# कलीम कामरेड के निवास जाकर अधिकारियों ने सौंपा म.प्र. शासन का सम्मान पत्र

### कलीम कामरेड के पिता हा अ. करीम थे मीसाबंदी



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 26 जून 1975 को भारत में अपातकाल लगा था उस समय लोकतंत्र को अक्षूण्ण बनाये रखने और नागरिकों के अधिकारों के लिए कई लोगों ने कठोर यातनाएं सहते हुए जेल में भी रहे जिसमें सिवनी जिले के भी कई लोग शामिल थे। बताया जाता है कि उस समय 21 मार्च 1977 को अपातकाल समाप्त हुआ था। वर्तमान में जो लोक अपातकाल के समय जेल में बंद थे उन्हें मीसाबंदी को मिलने वाली सुविधाएं दी जा रही है। म.प्र. शासन के मुख्यमंत मोहन यादव ने उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को म. प्र. शासन के सम्मान पत्र से सम्मानित किया जिन्होने उस समय लोकतंत्र की रक्षा के लिए बलिदान दिया था। सिवनी के हा अ. करीम भी ऐसे मीसाबंदियों में शामिल थे जो अपातकाल के दौरान जेल में रहे। म.प्र. शासन के मुख्यमंत मोहन यादव ने सिवनी के मीसाबंदियों को भी सम्मान पत्र से सम्मानित किया। चूंकि हा अ. करीम का निधन हो चुका है ऐसे में जिला प्रशासन के अधिकारी उनके सुपुत्र कलीम कामरेड के निवास स्थान पर पहुंचे और अपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कलीम कामरेड को ताम्र पत्र प्रदान किया।

### रात के अंधेरे में हो रहे अवैध रेत उत्खनन ने फिर ली एक लकडहारे की जान

# खनिज विभाग ओर राजेश की जुगलबंदी कर रही नदियों को छलनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 24 जून 2025 की रात 10 वजे दुरेंदा निवासी यशवंत सोनी गरीब लकड़हारे को रेत के डम्फर ने साइकिल सहित कुचल कर भाग गया। अबैध रेत का कारोवार यु कहे ठेकेदार राजेश पाठक ओर खनिज विभाग की मिली भगत से रात के अंधेरे मे पोकलैंड जैसी हेवी मशीनरीयो से रेत का अबेध दोहन हो रहा है।
बीते कुछ माह पूर्व डम्फर मे सोये हेल्फर की मोत भी रात के अंधेरे मे रेत भरने का कारण का भी समय ज्यादा नहीं बीता ओर एक ओर मौत हो गयी ।25 तारीख को विधायक की मौजूदगी मे दिन भर हंगामा होता रहा है।लेकिन डम्फर को खोजने मे पुरा सिस्टम फैल रहा। पुलिस थाना उगली मे यशवंत सोनी का मर्ग क्रमांक 145/25 कायमी तो



हो गयी लेकिन इसका दोषी कोन यह सिस्टम को नकारा सावित करना काफी है। बिना रॉयल्टी के रात के अंधेरे मे रेत निकालने का काम अनवरत चल रहा है। अबैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाने बाले तथाकथित नेताओं का भी मौन ब्रत कल के प्रदर्शन पर देखने को मिला ।क्षेत्रीय जनों के द्वारा घटना स्थल में चक्का जाम लगाकर जब अवैध_रेत_उत्खनन की चोरी कर रहे डम्फरो को रोककर उनकी जाँच कराई गई तो घटना स्थल में 14 डम्फ़र बिना रॉयल्टी रेत रॉयल्टी के पाए गए।घटना स्थल में मौजूद 14 डम्परों एवं 7 पोकलैंड को राज सात करने की मांग उठी है। लेकिन खनिज माफिया के आगे सब फैल है।

### जबलपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरगी की संयुक्त बैठक संपन्न

# विधायक रजनीश सिंह ने संगठनात्मक बैठक में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने संगठनात्मक बैठक के आयोजन में सहभागिता किया। आज दिनाँक 26 जून 2025 को अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी एवं हमारे नेता राहुल गांधी की मंशानुरूप कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिये मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला जबलपुर ग्रामीण के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरगी की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।
संगठन सृजन अभियान के तहत जबलपुर जिले बरगी ब्लॉक में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रवि बहादुर , राजेंद्र मिश्रा , केवलारी विधायक श रजनीश हरवंश सिंह ,



वारासिवनी विधायक विक्की पटेल ने कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक के आयोजन सर्वप्रथम में भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक गण एवं जिला प्रभारी नेता गणों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात बैठक प्रारंभ की गई। बैठक के आयोजन में केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने लिए अपनी बात रखी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर से मजबूत बनाने हेतु सुझाव माँगे। बैठक के आयोजन में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रवि बहादुर एवं श राजेंद्र मिश्रा , केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह , वारासिवनी विधायक विक्की पटेल , कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष ग्रामीण जबलपुर डॉ. निलेश जैन , पूर्व विधायक संजय यादव , वरिष्ठ सनमती सेनी , युवा साथी चमन राय समेत समस्त जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन.एस.यू.आई, सेवादल, समस्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारी गण, समस्त ब्लॉक , मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कार्यकर्ता गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## गोरेघाट छात्रावास में छात्राएं नहीं ले रही प्रवेश

# टाइगर का खौफ और विद्यार्थियों के पलायन का असर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शिक्षा की बेहतर संभावनाओं की तलाश में ग्रामीण अंचलों से छात्राओं का शहरों की ओर पलायन और वन्य प्राणी टाइगर की दहशत का असर बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल के महकेपार और गोरेघाट में स्थित बड़े सरकारी स्कूलों और छात्रावासों में दिखाई दे रहा है. पढ़ाई के लिए शहरों की ओर पलायन की वजह से स्कूलों में हर साल विद्यार्थियों की दर्ज संख्या में कमी आ रही है. हाल के दिनों में ग्राम गोरेघाट में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास में कुछ अलग ही हाल नजर आ रहा है. यहां छात्राएं प्रवेश नहीं ले रही है नौबत यहां तक आ गई है कि छात्रावास अधीक्षिका व्ही. वरकड़े को गांव-गांव जाकर छात्राओं से प्रवेश लेने के लिए संपर्क करना पड़ रहा है. जबकि पहले अभिभावक छात्रावास के चक्कर लगाकर छात्राओं को प्रवेश मिल जाए ऐसी मिन्नतें करते थे. अधीक्षिका ने बताया कि वह लगातार छात्राओं से संपर्क कर रही है तिरोड़ी तहसील के अलावा सिवनी जिले के कुरई ब्लॉक में भी सर्वे किया गया है. ऐसे में कुरई ब्लॉक की कुछ आदिवासी वर्ग की छात्राएं जिन्हें कुरई ब्लॉक के छात्रावास में प्रवेश नहीं मिल पाया है उन्होंने गोरेघाट छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन किया है और वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एडमिशन ले रही है।






गौरतलब हो कि पठार अंचल के कुछ गांवों में बीते कुछ महीनों में वन्य प्राणी टाइगर का मूवमेंट रहा है. छात्रावास के बगल में स्थित स्कूल के सीसीटीवी कैमरों ने वन्य प्राणी बाघ को विचरण करते हुए कैद किया गया है. यह खबर जैसे ही सामने आई है. अभिभावक काफी डरे और भयभीत है. छात्रावास अधीक्षिका ने बताया कि छात्राओं के प्रवेश नहीं लेने की एक वजह सुरक्षा कारण भी है. छात्रावास के ठीक सामने जंगल है बीते कुछ दिनों से जंगल में टाइगर का मूवमेंट बना हुआ है. उन्होंने बताया कि जंगल में फेंसिंग कराने के लिए वन विभाग से पत्राचार किया गया है इसके साथ ही विभाग के वरिष्ट अधिकारियों से भी चर्चा की गई है ताकि बाउंड्री वॉल की तार फेंसिंग कराई जाए. हालांकि छात्रावास की चारदीवारी काफी ऊँची है लेकिन फिर भी अभिभावक किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते. ज्ञात रहे कि गोरेघाट से कुड़वा की दूरी महज 02 किमी है जहां बाघ ने एक शख्स का शिकार किया था. बड़पानी गांव की दूरी भी महज 06 से 07 किमी की है. यहां भी बाघ को देखा गया है. पठार अंचल के कई गांवों से आए दिन बाघ दिखाई दिए जाने की सूचना सामने आते रहती है और पालतू मवेशियों के शिकार की घटनाएं बाघ के होने की पुष्टि करती है।

गोरेघाट में वर्ष 2014 में 50 सीट वाले छात्रावास की शुरुआत हुई किंतु आज तक पूरी सीटें कभी नहीं भर पाई. कारण पता करने पर सामने आया कि पठार अंचल के विद्यार्थी बेहतर शिक्षा के लिए शहरों की ओर पलायन कर रहे है. अभिभावक ग्रामीण अंचलों की शिक्षा पर विश्वास नहीं कर रहे है. पठार अंचल के कई गांवों के बच्चे कटंगी और तिरोड़ी के सरकारी और प्राईवेट स्कूलों में शिक्षा अर्जित कर रहे है. इन विद्यार्थियों ने बकायदा छात्रावासों में प्रवेश भी लिया है और कई विद्यार्थी अपने नाते-रिश्तेदारों के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे है. दरअसल, गांवों के सरकारी स्कूल से लगातार कम होते विश्वास की एक बड़ी वजह सरकारी की नीति है. जिसमें विकासखंड के एक स्कूल का चयन कर उसका लगातार बखान किया और और उसे मॉडल के तौर पर जनता के सामने पेश किया जाता है. उदाहरण के तौर पर कटंगी का हाईस्कूल है जिसमें उत्कृष्ट स्कूल, सीएम राइज स्कूल और अब सांदीपनि स्कूल का नाम दिया गया है यहां बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिलने का दावा किया जा रहा है और इन्हीं दावों को सुनकर शहर से लेकर गांव के अभिभावक अपने बच्चों को इस स्कूल में पढ़ाना चाहते है और बच्चे इस स्कूल में पढ़ना चाहते है. सांदीपनि स्कूल में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा मची हुई है. यहीं एक प्रमुख कारण है कि गांवों के सरकारी स्कूलों में हर साल प्रवेश संख्या में तेजी से कमी आ रही है।

## बीमार पशुओं के उपचार के लिए घर पहुंच सेवा

# किसान एवं पशुपालन टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल कर ले सकते है सेवा का लाभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश के सभी पशु पालकों को घर पहुंच पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए मप्र शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलित पशु चिकित्सा ईकाई संचालित की जा रही है। इसके लिए सम्पूर्ण मप्र में कुल 406 चलित ईकाईयॉं प्रदाय की गई है। बालाघाट जिले के सभी 10 विकासखंडों के लिए 01-01 एवं जिला मुख्यालय के लिए एक अतिरिक्त ईकाई इस प्रकार कुल 11 चलित ईकाई उपलब्ध कराई गई है। किसान एवं पशुपालक अपने बीमार पशुओं के उपचार के लिए 1962 नम्बर पर कॉल कर इस सेवा का लाभ ले सकते है।

उपसचांलक पशु चिकित्सा सेवा डॉ. एन.डी.पुरी ने बताया कि चलित पशु चिकित्सा वाहन आधुनिक उपकरणों एवं यंत्रों से सुसज्जित है। इसमें कुशल तकनीकी योग्यताधारी पशु चिकित्सक एवं पैरावेटनरी स्टॉफ नियुक्त किया गया है। 1962 नम्बर पर कॉल आते ही चलित ईकाई द्वारा पशु पालकों को बीमार पशुओं के उपचार के लिए घर पहुंच सेवा प्रदाय की जाती है। डॉ. पुरी ने बताया कि इस सेवा का लाभ लेने के लिए पशुपालकों को टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल करके भोपाल स्थित कॉल सेंटर में अपने बीमार पशु से संबंधित समस्या अवगत कराना होता है। कॉल सेंटर में जानकारी मिलने के बाद 04 से 12 घंटे के भीतर चलित ईकाई पशु पालक के घर पहुंचकर बीमार पशु का उपचार करती है।

इस चलित ईकाई में पशु उपचार के साथ-साथ बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु जॉंच आदि की सुविधा उपलब्ध है। इस चलित ईकाई की सेवा लेने के लिए पशुपालक से कुछ शुल्क लिया जाता है। बड़े पशु गाय, भैंस आदि के उपचार के लिए 150 रुपये, 01 से 10 की संख्या तक के छोटे पशु भेड़, बकरी आदि के लिए 150 रुपये तथा कुत्ते एवं बिल्ली के उपचार के लिए 300 रुपए की राशि ली जाती है। किसानों एवं पशुपालकों से अपील की गई है कि इस चलित पशु चिकित्सा ईकाई का अधिक से अधिक लाभ उठाए और 1962 नम्बर पर कॉल कर अपने बीमार पशु का घर बैठे उपचार कराए।

## खबर संक्षेप

### धपेरा (मो) स्वच्छ सुजल गॉंव घोषित




**बालाघाट।** बालाघाट जिले के विकासखंड लालबर्रा के ग्राम पंचायत धपेरा (मो) को स्वच्छ सुजल गॉंव घोषित किया गया है। इस गॉंव को हर घर जल प्रमाणीकरण एंव शत प्रतिशत ओडीएफ प्लस (स्वच्छ भारत मिशन) के अंतर्गत स्वच्छ सुजल गांव घोषित किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस गॉंव में प्रत्येक घर में नल से शुद्ध जल मिल रहा है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस गॉंव के प्रत्येक घर में पक्के शौचालय बन चुके है और ग्रामीण उनका उपयोग भी कर रहें है।

### जिले में अब तक 74 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 26 जून 2025 तक 74 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 57 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 26 जून को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 08 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रजिस्टर्ड जल दूतो को दिया गया प्रशिक्षण



**किरनापुर।** जलदूत प्रशिक्षण जनपद पंचायत किरनापुर 25 जून 2025 को जनपद स्तरीय जलदूत का प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय मनीष शेण्डे जनपद पंचायत किरनापुर की अध्यक्षता में आयोजन किया गया ।जिसमें जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रजिस्टर्ड जलदूत को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नंदिनी तिवारी,सहायक यंत्री ताराम, श्रीमती भलावी मेम, सहायक लेखा अधिकारी एवं जल गंगा वॉलेंटियर उपस्थित रहे साथ ही समूह की महिलाओं को नवीन वृक्षारोपण हेतु जानकारी दी गई।

## बाजार से जब्त की गई 1.50 क्विंटल मछलियां

# मोहगांव बाजार में मत्स्य विभाग के अधिकारियों की छापामार कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मछलियों के प्रजनन कॉल के दौरान मत्स्याखेट करने से मत्स्य उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ता है। मछलियों का प्रजनन कॉल होने के कारण 15 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही मछलियों के क्रय-विक्रय को भी प्रतिबंधित किया गया है। मत्स्य विभाग के अधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले हॉट बाजारों में मछली विक्रेताओं पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 26 जून को बिरसा विकासखंड के अंतर्गत मोहगांव मलाजखंड के बाजार में छापामार कार्यवाही कर 1.50 क्विंटल मछलियॉं जब्त की गई है।

सहायक मत्स्य अधिकारी श्रीमती मीना कोकोटे ने बताया कि मोहगांव बाजार में निरीक्षण के दौरान 01 क्विंटल मेजर कार्प मछलियों का विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर मछलियों को जब्त कर उनकी नीलामी की गई। बाजार में 50 किलो मछलियॉं लावारिश हालत में भी मिली। जब्त मछलियों की नीलामी कर 2775 रुपये शासकीय कोष में जमा कराए गए है। आज की इस कार्यवाही मत्स्य निरीक्षक श्रीमती वैशाली मेश्राम, श्री राजकुमार सिंह एवं मनोहर पंचेश्वर शामिल थे। मछुवारों एवं मत्स्य विक्रेताआं से कहा गया है कि प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट न करे और मछलियों का विक्रय भी न करे।

## योजना के प्रति स्वास्थ्य विभाग की असंवेदनशीलता

# नियमविरूद्ध लापरवाहीपूर्वक, गुणवत्ताविहीन बन रहे आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।



बालाघाट नगर घर-घर जाकर बनाये जा रहे है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की आशाकार्यकर्ताओं को पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के आदेशित किया गया है और शतप्रतिशत लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अनेक मामले ऐसे सामने आ रहे है जब आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मचारियों द्वारा जल्दबाजी दिखाई जा रही है हितग्राहियों को पेंटशर्ट पहनने का भी समय नहीं दिया जा रहा और बनियान आदि में ही फोटो कैप्चर की जा रही है इसके साथ हितग्राही की अनुपस्थिति में ही उनके फोटोग्राफ मांगकर फोटो कैप्चर कर ली जा रही है। जबकि पात्र हितग्राहियों आयुष्मान कार्ड बनाते समय उनकी उपस्थिति में ही लाईव फोटो के माध्यम से फोटो कैप्चर करना होती है। आशाकर्ताओं द्वारा बताया गया कि उन्हें सीनियर सिटीजन के आयुष्मान बनाने के लिए एक बार प्रशिक्षण दिया गया था उसके बाद उन्हें सभी आयुवर्ग के पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा गया है। घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मचारी, हितग्राहियों को यह भी जानकारी देने में असमर्थ है कि आयुष्मान कार्ड कौनकौन से हॉस्पिटल में किनकिन बीमारी के लिए काम आयेगा। यहां तक जिला चिकित्सालय बालाघाट में भी आयुष्मान से संबंद्ध हास्पिटलों की सूची नहीं लगी है। बालाघाट स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालाघाट नगर में संजय मानेश्वर एपीएम के मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनाने को कार्य किया जा रहा है। नगरपालिका बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र में पहले से बने आयुष्मान कार्ड को अपडेट करने का कार्य 30 जून 2025 तक किया जा रहा है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बीईओ, बीडीओ व बीआरसी की बैठक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट में 25 जून को जिले के समस्त बीईओ, बीडीओ एवं बीआरसी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने शिक्षा से संबंधित कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में बीईओ, बीडीओ एवं बीआरसी को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवनों का निरीक्षण करे और जर्जर शाला भवन में कक्षाएं संचालित नहीं होने दे। इस दौरान शाला में बच्चों के नामांकन, छात्रवृत्ति स्वीकृति, असफल भुगतान वाले बैंक खातो का सत्यापन, निःशुल्क सायकिल तथा पाठ्यपुस्तक वितरण योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन, विद्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण, शिक्षकों के पेंशन प्रकरण का निराकरण, शिक्षकों के 5 वर्षो की गोपनीय चरित्रावली लिखी जाकर मतांकन के लिए प्रस्तुत करने, ₹हमारे शिक्षक₹ ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म पर शिक्षकों की प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने, बच्चों की अपार आईडी का निर्माण तथा सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की विकासखण्डवार समीक्षा की गई । बैठक के दौरान समस्त बीईओ, बीडीओ व बीआरसी को निर्देशित किया गया कि वे बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अपने-अपने विकासखण्ड के प्रधानपाठक एवं प्राचार्यो की संयुक्त बैठक आयोजित कर निर्देशों का पालन कराए एवं पालन प्रतिवेदन 07 दिवस के भीतर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करे।

# 20 किसानों अपनी खेती में आने जाने के रास्ते को चालू कराने तहसील कार्यालय के काट रहे चक्कर

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** तहसील किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जानवा में किसानों की खेती में जहां जिस रास्ते से किसान आते जाते थे इस पगडंडी के रास्ते को बंद करने के विवाद को तहसील कार्यालय में माह मार्च से विवाद प्रकरण चल रहा है। जिस पर स्वयं विवादित स्थल पर तहसीलदार श्रीमती पूर्णिमा भगत भी निरीक्षण करने पहुंची। ग्राम जानवा के कृष्को ने बताया कि हमारे पूर्वजों के समय से इस पगडंडी वाले रास्ते से खेती करने जाते थे उस स्थान को बंद कर दिया गया है यह लोग खेती करके अपना जीवन यापन चला रहे हैं । कृषको द्वारा बताया गया कि तहसीलदार मैडम द्वारा 30 जून 2025 को विवाहित मामले का निराकरण किया जाने की बात कही है। अगर निराकरण नहीं किया गया तो किसानों के द्वारा उग्र आंदोलन करने तैयार है ग्राम जानवा के 16 किसानों ने की उपस्थिति जिसमें गणेश, गोपाल, मदनलाल ,रोशन भास्कर, पौवराबाई सीहोरे, कांतनबाई लिल्हारे, ताराचंद लिल्हारे ,गिरधारी लिल्हारे , राधेलाल लिल्हारे, कृष्णा लिल्हारे ,महेश सुलाखे सरपंच प्रतिनिधि, दिनेश सुलाखे, उर्मिला बाई दमाहे, शांताबाई दमाहे, भोजू लाल दमाहे, दिलीप दमाहे, गोवर्धन लिल्हारे ,श्रवण लिलहारे, बिहारी लिल्हारे इ उपस्थिति रहे।



ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि महेश सुलाखे ने बताया कि जो मकान बनाया गया है वह पीएम आवास से संबंधित है।बाजू वाले रास्ते से किसान अपने खेतों में जाते थे।

तहसीलदार किरनापुर श्रीमती पूर्णिमा भगत से ग्राम जानवा के किसानों के खेती जाने वाले रास्ते के विवादित मामले को लेकर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में एसडीएम साहब से चर्चा की गई है, 30 जून को इस केस का फैसला किया जाएगा।

# मॉयल में स्थापना दिवस पर सामूहिक भोज कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मॉयल लिमिटेड द्वारा 22 जून अपने स्थापना दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत मुख्य कार्य्रक्रम नागपुर मुख्यालय के सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात समस्त खदानों में कामगार कर्मचारी, अधिकारी वर्ग के बीच मिठाई का वितरण किया गया। वहीं स्थानीय शाखा की सुविधा के अनुसार मॉयल में कार्यरत सभी कामगार कर्मचारी, अधिकारी वर्ग के लिये 26 जून को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी एवं प्रायवेट कंपनी सभी के कामगार कर्मचारी का समावेश था। जिसमें लगभग ढाई हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर स्वरूचि भोज का आनंद उठाया। इसी अवसर पर स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम नागपुर में अंतर माईन सांस्कृतिक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भरवेली खान समूह के कलाकारों को ट्राफी एवं नगद ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह से उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मान के अंतर्गत महिला श्रमिक में श्रीमती अंजली वराडे, राजकुमार साकरे, पूरनलाल को भी प्रशस्ती पत्र और नगद राशि देकर सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर खान प्रबंधक विवेक कुमार ने उपस्थित कामगार कर्मचारी अधिकारी वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि मॉयल एक प्रगतिशील उद्योग है जो सभी के सामूहिक प्रयास से निर्धारित किये गये लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रति कृत संकल्प है। आगामी दिपावली वर्ष 2025 में कामगार कर्मचारी साथियों को 50 हजार रूपये बोनस दिये जाने की घोषणा पर कंपनी के मुखिया अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना का उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कि निश्चित रूप से इससे हमारे वर्कर की दिपाली पूरे हर्ष उल्लास के साथ सम्पन्न होगी। स्थापना के 63 वर्ष में कंपनी ने प्रगति के अनेकों आयामों को पार करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हमारा प्रयास है कि इस पहचान को आगे भी इसी तरह हम सबको बनाये रखना है। इस सामूहिक भोज कार्यक्रम में बडी संख्या में कामगार कर्मचारी अधिकारी वर्ग उपस्थिति थे। काार्मिक विभाग के प्रमुख विवेक महाकालकर ने सभी पक्षों का आभार व्यक्त किया।

# रक्तदान महादान सेवा समिति ने स्कूल में बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



रक्तदान महादान सेवा समिति ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं को 23 जून 2025 को शासकीय प्राथमिक शाला भरवेली में कक्षा पहली से कक्षा 5वीं तक के बच्चों को स्कूल सामग्री वितरण की गई जिसमें कॉपी, पेन ,पेंसिल, कंपास बॉक्स आदि सामग्री का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने कहा कि छात्रों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार लेकर भविष्य में अपने पैरों पर खड़े होकर अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन करना चाहिए। स्कूल के प्रधान पाठक व शिक्षको ने रक्तदान महादान समिति के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया की आप हमेशा आगे आकर मदद करते है और ऐसी निस्वार्थ सेवा में सहयोग करते है आप सभी सदस्यों से निवेदन है कि आप ऐसे ही आगे आकर निरंतर सहयोग करते रहे जिसमें जरूरतमंदो की मदद हो सके ।

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111